# झाँसी नगर निगम,झाँसी।

हरित झाँसी

स्वच्छ झाँसी

## ई–निविदा सूचना
## (अल्पकालिक निविदा सूचना)

निर्माण कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक प्रतिशत आधार दरों पर ई–निविदा पद्धति से ई–टेण्डरिंग की बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्युल के अनुसार अल्पकालिक निविदा आंमत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि http://jnnjhansi.procure247.com बेवसाइट के माध्यम से आनॅलाइन जमा की जायेगी :–

| क्र0सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | निविदा देखने / डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 31.01.2024 3.00 PM | 15.02.2024 3:00 PM |
| 2- | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | - | 15.02.2024 3:00 PM |
| 3- | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 15.02.2024 3:30 PM | |

नोट–

1. कार्य से सम्बन्धित निविदा सूचना एवं शर्तें नगर निगम,झाँसी की बेवसाइट www.jnnjhansi.com में देखी जा सकती है।
2. निविदा की बेवसाइट **http://etender.up.nic.in** में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं होगा।
3. ई–निविदा में कोई भी संशोधन / परिमार्जन / परिवर्तन की सूचना को बेवसाइड पर अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
4. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा।

मुख्य अभियन्ता

नगर आयुक्त

पत्रांक :– 2661 / जनकार्य वि0 / न0नि0 / 2023–24 दिनांक :– 27·01·2024

प्रतिलिपि :–

1. विज्ञापन व्यवस्थापक, अमर उजाला/उद्योग दर्पण/..., दैनिक समाचार पत्र, झाँसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त अंकित निविदा सूचना प्राप्ति दिनांक को या अगले दिनांक की अपने समाचार पत्र के झाँसी संस्करण के मुख्य पृष्ठ को छोड़कर न्यूनतम स्पेस में तथा 08 के फॉन्ट में एक बार के लिए प्रकाशित कर समाचार पत्र की 03 प्रतियों के साथ बिल भिजवाने का कष्ट करें।
2. सदस्य, निविदा समिति, नगर निगम,झाँसी को इस आशय से उक्त तिथि में निविदा सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।
3. नाजिर / प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम,झाँसी को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त निविदा सूचना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. पी0ए0, नगर आयुक्त को विज्ञापन पंजिका में दर्ज करने हेतु।
5. आई0टी0एक्सपर्ट,नगर निगम,झाँसी को बेवसाइट पर अपलोड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम,झाँसी।

Scanned with CamScanner

# झाँसी नगर निगम,झाँसी।

**हरित झाँसी** **स्वच्छ झाँसी**

## ई–निविदा सूचना
## (अल्पकालिक निविदा सूचना)

निर्माण कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक प्रतिशत आधार दरों पर ई–निविदा पद्धति से ई–टेण्डरिंग की बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्युल के अनुसार **अल्पकालिक निविदा** आंमत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि http://jnnjhansi.procure247.com बेवसाइट के माध्यम से आनॅलाइन जमा की जायेगी :–

| क्र0सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | निविदा देखने / डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 31.01.2024 3.00 PM | 15.02.2024 3:00 PM |
| 2- | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | - | 15.02.2024 3:00 PM |
| 3- | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 15.02.2024 3:30 PM | |

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | प्रतिभूति की धनराशि | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ठेकेदार का श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 02 तालपुरा में रमेश चन्द्र कुशवाहा के मकान से नाले तक एवं कुलदीप यादव के मकान से परशुराम के मकान तक नाली पुलिया एपैक्स सड़क निर्माण का कार्य। | 838957.00 | 840.00+18.00% GST | 83900.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 2. | वार्ड नं0 03 भट्टागांव में नीलेश के मकान से सुशील के मकान तक तथा एस0के0 त्रिपाठी के मकान से भूपेन्द्र नामदेव के मकान होते हुए जितेन्द्र नायक के मकान तक नाली पुलिया एपैक्स रोड मरम्मत का कार्य। | 838343.00 | 840.00+18.00% GST | 83900.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 3. | वार्ड नं0 04 खुशीपुरा में मोहन हल्वाई के सामने पुलिया चौड़ीकरण का कार्य। | 523938.00 | 525.00+18.00% GST | 52400.00 | दो माह | सी श्रेणी |
| 4. | वार्ड नं0 05 ईसाइटोला में इकरा एकेडमी स्कूल के पास नाली पुलिया मरम्मत का कार्य। | 368450.00 | 370.00+18.00% GST | 36900.00 | दो माह | डी श्रेणी |
| 5. | वार्ड नं0 06 नैनागढ़ में अभिषेक के मकान के पास एवं प्रेमनारायण के मकान के पास दो कुओं की मरम्मत सफाई रंगाई पुताई एवं शैड आदि का कार्य। | 391101.00 | 395.00+18.00% GST | 39200.00 | दो माह | डी श्रेणी |
| 6. | वार्ड नं0 07 पुलिया नं0 09 में श्री नृपत कुशवाहा के मकान से श्री अर्जुन कुशवाहा के मकान तक इण्टरलोकिंग टाइल्स द्वारा सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 1056479.00 | 1060.00+18.00 % GST | 105700.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 7. | वार्ड नं0 15 उस्मान के मकान से मुकेश परिहार के मकान तक और मित्थुन के मकान से रवि के मकान तक नाली एवं एपैक्स निर्माण कार्य। | 630975.00 | 635.00+18.00% GST | 63100.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 8. | वार्ड नं0 16 मसीहागंज में कमला देवी के मकान के पास कुंआ की मरम्मत सफाई रंगाई पुताई एवं शैड आदि लगाने का कार्य। | 272676.00 | 275.00+18.00% GST | 27300.00 | दो माह | ई श्रेणी |
| 9. | वार्ड नं0 20 गुदरी के अन्तर्गत सूजे खां खिड़की स्थित कोट के किनारे नाले के पास वार्ड ऑफिस का निर्माण कार्य। | 484012.00 | 485.00+18.00% GST | 48500.00 | दो माह | डी श्रेणी |
| 10. | वार्ड नं0 21 सिमरधा के अन्तर्गत पाल कालोनी में अम्बेडकर पार्क में फुटपाथ एवं बाउण्ड्री एवं स्टील गेट व ग्रिल एवं सुन्दरीकरण का कार्य। | 1269673.00 | 1270.00+18.00 % GST | 127000.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 11. | वार्ड नं0 23 में राम कुमार राजपूत के मकान के पास, आजाद बरार, एस0के0 गुप्ता, अमित अहिरवार, अशोक कुमार, सुमित, मुन्ना, सोनिया यादव, बल्लू रायकवार, जसवन्त सिंह यादव के मकान के पास एवं विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त नाली एवं पुलिया की मरम्मत का कार्य। | 719931.00 | 720.00+18.00% GST | 72000.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 12. | वार्ड नं0 24 श्रीनगर में श्रीमती रमा के मकान से श्री सुभ जैन किराना स्टोर तक नाली पुलिया एपैक्स रोड निर्माण का कार्य। | 1266616.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126700.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 13. | वार्ड नं0 25 में महोबिया मोहल्ला में सामुदायिक केन्द्र के पास पार्क में फिशलपट्टी, झूला एवं ओपन जिम लगाने का कार्य। | 678944.00 | 680.00+18.00% GST | 67900.00 | तीन माह | सी श्रेणी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14. | वार्ड नं0 26 में यांथोनी गेट पर ओपन जिम एवं साइड पट्टी निर्माण कार्य। | 1215684.00 | 1220.00+18.00 % GST | 121600.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 15. | वार्ड नं0 27 शिवाजी नगर में हरिओम के मकान से लाखन सिंह के मकान तक नाली का निर्माण कार्य। | 390955.00 | 395.00+18.00% GST | 39100.00 | दो माह | डी श्रेणी |
| 16. | वार्ड नं0 28 हीरापुरा में मयूर पब्लिक स्कूल के पास एवं प्रतापपुरा खातीबाबा मन्दिर के पास दो कुंओ की मरम्मत सफाई एवं शैड आदि लगाने का कार्य। | 391476.00 | 395.00+18.00% GST | 39200.00 | दो माह | डी श्रेणी |
| 17. | वार्ड नं0 29 नैनागढ़ में शंकर जी मन्दिर के पास साई क्लाश के पास बने कुआ की मरम्मत सफाई तथा रंगाई पुताई एवं शैड आदि का कार्य। | 277359.00 | 280.00+18.00% GST | 27800.00 | दो माह | ई श्रेणी |
| 18. | वार्ड नं0 31 लहरगिर्द के अन्तर्गत ब्रहम्नगर में ब्रहम्नगर पार्क में ओपन जिम लगाने का कार्य। | 266208.00 | 270.00+18.00% GST | 26700.00 | दो माह | ई श्रेणी |
| 19. | वार्ड नं0 32 पिछोर के अन्तर्गत गुरू विहार कालोनी में सुनीता सिंह के मकान से नीरज एवं रामसेवक के मकान तक सड़क एवं नाली तथा सुनीता सिंह से तारकेश्वर होते हुए मूलचन्द्र यादव के मकान के सामने मेन नाला तक नाली निर्माण कार्य। | 1268437.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126900.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 20. | वार्ड नं0 33 लक्ष्मीगेट बाहर में राय स्वीट्स से राहुल के मकान तक नाली एवं एपैक्स सड़क निर्माण का कार्य। **(NCAP)** | 1693878.00 | 1695.00+18.00 % GST | 169400.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 21. | वार्ड नं0 34 नई बस्ती में मन्दिर से भगवानदास के मकान तक इण्टरलोकिंग टाइल्स द्वारा सड़क एवं नाली का सुधार कार्य। | 804019.00 | 805.00+18.00% GST | 80500.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 22. | वार्ड नं0 35 नन्दनपुरा में अंकुश जोशी के मकान के पास एवं प्रताप के मकान के पास राम आसरे गुप्ता के मकान के पास टीटू के मकान के पास एवं विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रकार के मरम्मत का कार्य। | 740947.00 | 745.00+18.00% GST | 74100.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 23. | वार्ड नं0 43 सीपरी बाजार टंडन रोड से मन्दिर तक नाली एवं एपैक्स मरम्मत का कार्य। | 177434.00 | 180.00+18.00% GST | 17800.00 | दो माह | ई श्रेणी |
| 24. | वार्ड नं0 46 प्रेमगंज के अन्तर्गत मेन रोड जर्मनी आई0पी0 बोहरे जर्मनी हास्पिटल समृद्धि होते हुए अविनाश श्रीवास्तव तक नाली निर्माण कार्य। | 453432.00 | 455.00+18.00% GST | 45400.00 | दो माह | डी श्रेणी |
| 25. | वार्ड नं0 50 नाना भाऊ के बगीचा में रूपसिंह कुशवाहा के मकान से संजीव भार्गव के मकान तक नाली पुलिया एपैक्स सड़क निर्माण का कार्य। | 1267842.00 | 1270.00+18.00 % GST | 126800.00 | तीन माह | बी श्रेणी |
| 26. | वार्ड नं0 51 सिविल लाइन के अन्तर्गत ब्लूवेल्स स्कूल से कमलेश दवेसर एवं सुनीता शर्मा तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 803155.00 | 805.00+18.00% GST | 80400.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 27. | वार्ड नं0 53 मैथिलीशरण गुप्त पार्क में एपैक्स निर्माण का कार्य। | 495100.00 | 495.00+18.00% GST | 49600.00 | दो माह | डी श्रेणी |
| 28. | वार्ड नं0 55 में स्काई टॉवर से राहुल के मकान तक सड़क को ऊंचा करने एवं इण्टरलोकिंग टाईल्स द्वारा रिफिक्सिंग का कार्य। | 840127.00 | 840.00+18.00% GST | 84100.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 29. | वार्ड नं0 60 में पुरानी माता मन्दिर गोला कुंआ के पास डा0 मनोज क्लीनिक से राम बाबू किराना तक इण्टरलोकिंग टाइल्स द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क एवं नाली का सुधार कार्य। | 826864.00 | 830.00+18.00% GST | 82700.00 | तीन माह | सी श्रेणी |
| 30. | नगर निगम कार्यालय में कर्नल ऑफिस के कक्ष की मरम्मत का कार्य। | 260894.00 | 265.00+18.00% GST | 26100.00 | दो माह | ई श्रेणी |
| 31. | वार्ड नं0 54 ओरछा गेट बाहर कैलाश रेजीडेन्सी में डोल्फिन पार्क में फाउण्टेन में टाइल्स मरम्मत का कार्य। **पुनः निविदा।** | 288853.00 | 230.00+18.00% GST | 28900.00 | दो माह | ई श्रेणी |
| 32. | वार्ड नं0 19 लक्ष्मीगेट अन्दर बंगलाघाट में एवं बरारों के मोहल्ले में टैंक सफाई व मरम्मत का कार्य। **पुनः निविदा।** | 174032.00 | 175.00+18.00% GST | 17500.00 | एक माह | ई श्रेणी |

नोट–

1. **निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में देखी जा सकती है।**
2. **कार्यों से सम्बन्धित निविदा सूचना एवं शर्तें नगर निगम, झाँसी की बेवसाइट www.jnnjhansi.com में देखी जा सकती है।**
3. **निविदादाता को http://etender.up.nic.in में ई–टेण्डर में पंजीकृत होना है।**

4. पंजीकृत ठेकेदार अपनी श्रेणी के अलावा एक श्रेणी नीचे तक का कार्य लेने के लिए अनुमन्य होगा।
5. ई–टेण्डरिंग में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में परिवर्तन अथवा पूर्व की भांति मैनुअल मांगे जाने का अधिकार नगर आयुक्त,नगर निगम,झाँसी में निहित होगा।
6. कार्य को पूर्ण करने की समयावधि वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए वर्णित है।
7. अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
8. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउन्सिल में पंजीकृत है वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
9. प्रत्येक निविदादाता रू0 100/– के नॉन–जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सभी सूचनाएं सही होने का शपथ–पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
10. डिफैक्ट लायबिलिटी की अवधि लोक निर्माण विभाग द्वारा तय की गयी अवधि के अनुसार होगी।
11. कार्य स्वीकृत होने के पश्चात् कार्य प्रारम्भिक फोटो, कार्य प्रगति की फोटो एवं कार्य समाप्ति की फोटो पत्रावली में लगाया जाना अनिवार्य होगा।
12. जी0एस0टी0 के नियमों/शासनादेश के अनुसार निर्धारित कटौती की जायेगी।
13. कार्य में प्रयुक्त सामग्री की जांच समय–समय पर परीक्षणशाला से करानी होगी।
14. शासनादेश सं0 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के अनुसार न्यूनतम निविदादाता का यदि पूर्व से नगर निगम, झाँसी में पंजीकरण नहीं है तो उन्हें पंजीकरण नियमावली/शर्तों के अनुसार पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
15. निविदा खोलने की तिथि में अगर अवकाश होता है तो निविदा अगले दिवस में खोली जायेगी।
16. ई–निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को बेवसाईट पर ही अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
17. ठेकेदार/फर्म के किये गये कार्यों की परफोरमेन्स के आधार पर निविदा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त,नगर निगम,झाँसी में निहित होगा।
18. निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी से 90 नब्बे दिनों की अवधि के लिए स्वीकृति के लिए मान्य रहेगी। एक बार सबमिट की गई निविदा दरें सबमिट करने की अंतिम तिथि के बाद वापस नहीं लिया जा सकता है।
19. किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार से किसी भी सेवानिवृत्ति राजपत्र अधिकारी (एक वर्ष के भीतर सेवानिवृत्त) को सरकार की अनुमति के बिना ठेकेदार प्रतिष्ठान में काम करने की अनुमति नहीं है। यह अनुबंध रद्द करने के लिए उत्तरदायी है, यदि ठेकेदार या उसके किसी कर्मचारी को किसी भी समय ऐसा व्यक्ति मिल जाता है, जिसने ठेकेदार की सेवा में निविदा प्रस्तुत करने से पहले सरकार की अनुमति नहीं ली थी। इस विभाग के अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी के लिए भी यही शर्त लागू होगी।
20. निविदा दस्तावेज, और निविदादाता योजना, विनिर्देशों, आरेखण की पात्रता मानदंड से संम्बन्धित अन्य विवरण, किए जाने वाले कार्य के विभिन्न वर्गो की मात्रा की अनुसूची और अनुबंध के नियम और शर्तो का पालन करने के लिए ठेकेदार द्वारा अनुपालन किया जा सकता है। बेवसाइट से लोड किया जा सकता है। **https://etender.up.nic.in**
21. किसी भी आपराधिक गतिविधि के लिए माननीय न्यायालय द्वारा दंडित किसी भी निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है।
22. नवीनतम सीवीसी गाइडलाइन के अनुसार बैंक गारंटी और व्याज जुटाना अग्रिम के लिए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।
23. सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।
24. नगर निगम मा0सदन की बैठक दिनांक 13.11.2019 के स्वीकृत प्रस्ताव सं0 9 के अनुसार किसी भी ठेकेदार के पूर्व से स्वीकृत कोई भी तीन या उसके अधिक कार्य अधूरे है, तो उस ठेकेदार को नया कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा तथा किसी भी ठेकेदार को एक बार में तीन से अधिक कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
25. 15 प्रतिशत से अधिक बिलो निविदा दर प्राप्त होने पर सम्बन्धित फर्म को कार्य को गुणवत्तापूर्वक करने का जस्टीफिकेशन निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
26. निविदाओं में उल्लिखित पृथक–पृथक राष्ट्रीय बचत पत्र/राष्ट्रीयकृत बैंक के रूप में प्रतिभूति राशि को निविदा के साथ अपलोड करना होगा तथा मूल प्रति एवं निविदा शुल्क का विवरण निविदा पेटी में निर्धारित तिथि एवं समय तक कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।
27. शासनादेश सं0 11593/नौ–5–2021–142सा/2021 नगर विकास अनुभाग–5 दिनांक 07.01.2022 के अनुसार निर्माण कार्यों में परफोरमेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी।( प्राप्त निविदा की लागत कार्य हेतु अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से नीचे प्राप्त हुई हो तो उस दशा में प्रथम 10 प्रतिशत तक के लिए परफोरमेन्स सिक्योरिटी 3 प्रतिशत ही रहेगी परन्तु उसके पश्चात् प्रत्येक 1 प्रतिशत नीचे दर हेतु 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त परफोरमेन्स सिक्योरिटी जमा कराया जाये।)
28. निविदादाता द्वारा कार्य किसी अन्य व्यक्ति/ठेकेदार को सबलेट नहीं किया जा सकता है।
29. काम शुरू करने का पत्र प्राप्त करने की तारीख से एक सप्ताह के भीतर बोली लगाने वाले की श्रम विभाग में अपना श्रम पंजीकृत करना आवश्यक है।
30. निविदादाता को प्रस्तुत करने से पहले स्वयं को संतुष्ट करना होगा कि उसके पास कार्य को निष्पादित करने के लिए पर्याप्त निविदा दर की क्षमता है और उसे बोली जमा करने के समय बोली क्षमता गणना पत्रक प्रस्तुत करना होगा।
31. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी कोई भी परिपत्र या निर्देश ठेकेदार पर लागू होगा।
32. कार्य के साथ नोटिस जारी करने के बाद, ठेकेदार श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत संबन्धित कार्य स्थल पर कार्यरत मजदूरों के नाम जमा करेगा।
33. निविदादाता के पंजीकृत सेल पर बोली लगाने वाले और एस.एम.एस. द्वारा दिए गए ई–मेल पर भेजे गए सभी नोटिस और पत्र, बोलीकर्ता द्वारा प्राप्त किए गए मान लिए जाएंगें।
34. विभिन्न सरकारी आदेश/निदेशालय आदेश समय–समय पर जारी किए जाएंगे।

35. बिटुमिन के कार्यो में ठेकेदार/फर्म के स्वयं का हांटमिक्स प्लांन्ट होना आवश्यक है।

36. अन्य विवरण निविदा शर्तो में देखे जा सकते हैं। कर्मचारी को उसके नियंत्रण से परे प्रणाली की विफलता के कारण किसी भी दरों के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा जाएगा। भले ही सिस्टम किसी भी बोली अपडेट के बोलीकर्ताओं को सूचित करने की कोशिश करेगा, लेकिन नियोक्ता बालीकर्ता द्वारा प्राप्त किसी भी जानकारी के लिए उत्तरदायीं नही होगा। निविदा से संबन्धित नवीनतम जानकारी के लिए बेवसाईट से सत्यापित करना निविदादाताओं की जिम्मेदारी है।

37. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा एवं किसी भी शर्त को संशोधित करने का पूर्व अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम,झॉसी में निहित होगा।

38. किसी भी अपरिहार्य कारणों एवं शासकीय आदेश के क्रम में कार्यालय बन्द होने पर उक्त निविदा खुलने की तिथि के अगले कार्यालय दिवस में निविदा डाली एवं खोली जा सकेगी।

मुख्य अभियन्ता नगर आयुक्त

पत्रांक :– 2661/जनकार्य वि0/न0नि0/2023–24 दिनांक :–27/01/2024

प्रतिलिपि :–

1. विज्ञापन व्यवस्थापक, अमर उजाला/दैनिक उद्योग हकीकत, दैनिक समाचार पत्र, झाँसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त अंकित निविदा सूचना प्राप्ति दिनांक को या अगले दिनांक की अपने समाचार पत्र के झाँसी संस्करण के मुख्य पृष्ठ को छोड़कर न्यूनतम स्पेस में तथा 08 के फॉन्ट में एक बार के लिए प्रकाशित कर समाचार पत्र की 03 प्रतियों के साथ बिल भिजवाने का कष्ट करें।
2. सदस्य, निविदा समिति, नगर निगम,झॉसी को इस आशय से उक्त तिथि में निविदा सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।
3. नाजिर/प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम,झाँसी को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त निविदा सूचना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. पी0ए0, नगर आयुक्त को विज्ञापन पंजिका में दर्ज करने हेतु।
5. आई0टी0एक्सपर्ट,नगर निगम,झॉसी को बेवसाइट पर अपलोड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम,झाँसी।